"वर्ल्ड हेरिटेज डे" पर अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के इतिहास विभाग के इंटैक यंग हेरिटेज क्लब द्वारा हेरिटेज वॉक व विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

आज दिनांक 18 अप्रैल 2022 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के इतिहास विभाग के इंटैक यंग हेरिटेज क्लब द्वारा **"विश्व धरोहर दिवस"** के अवसर पर महाविद्यालय से रानी की छतरी से होते हुए राजा नाहर सिंह पैलेस बल्लबगढ़ तक हेरिटेज वॉक निकाली गई। हेरिटेज वॉक को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता व इंडियन नैशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हैरिटेज के फरीदाबाद चैप्टर के संयोजक व फरीदाबाद जिले के प्रसिद्ध शिक्षाविद्, समाजसेवी व उद्योगपति श्री आनन्द मेहता जी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूक करती इस रैली में महाविद्यालय के बी.ए. की इतिहास विषय की अनेक छात्राओं ने भाग लिया।

अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता ने बताया कि हमारे पूर्वजों और पुराने समय की धरोहरों को संजोकर रखने वाली इस अनमोल विरासत की कीमत को ध्यान में रखकर ही संयुक्त राष्ट्र की संस्था युनेस्को ने वर्ष 1983 से हर साल 18 अप्रैल को विश्व विरासत दिवस मनाने की शुरुआत की थी। इससे पहले हर साल 18 अप्रैल को विश्व स्मारक और पुरातत्व स्थल दिवस के रुप में मनाया जाता था पर युनेस्को ने हमारे पूर्वजों की दी हुई विरासत को अनमोल मानते हुए फिर इस दिवस को विश्व विरासत दिवस के रुप में बदल दिया। श्री आनन्द मेहता जी ने अपने संबोधन में सभी छात्राओं को इंटैक क्लब की जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक होने के लिए कहा और विश्व धरोहर दिवस अथवा विश्व विरासत दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कहा कि पूरे विश्व में मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाई जा सके यही इस दिवस का मूल उद्देश्य है। इतिहास विभागाध्यक्ष व कार्यक्रम के संयोजक डॉ० जयपाल सिंह ने बताया कि अग्रवाल महाविद्यालय के इंटैक क्लब में अनेक छात्राएँ हैं, जो भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिए हुए हैं और महाविद्यालय का यह क्लब वर्ष 2009 से निरंतर विभिन्न प्रतियोगिताओं व शैक्षणिक भ्रमण द्वारा युवा पीढ़ी को भारत की ऐतिहासिक विरासतों व भारत के गौरवमयी इतिहास, सभ्यता व संस्कृति का ज्ञान करा रहा है। इस अवसर पर छात्राओं ने ऐतिहासिक विरासत बचाओ के अनेक जोशिले नारे लगाते हुए लोगों को ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरुक किया। "वर्ल्ड हेरिटेज डे" के अवसर पर इंटैक यंग हेरिटेज क्लब द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय ऑनलाइन माध्यम से स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसका विषय "इम्पोर्टेंस एंड प्रोटेक्शन ऑफ हेरिटेज" रहा। स्लोगन राइटिंग में कुल 15 और पोस्टर मेकिंग में 14 प्रतिभागियों ने विभिन्न क्षेत्रों से भाग लिया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में शबनम दीन, इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल की छात्रा

प्रथम, दूसरे स्थान पर भी इसी महाविद्यालय की छात्रा खुशी पांचाल व तीसरे स्थान पर सतयुग दर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च, फरीदाबाद की छात्रा मिनी श्रीवास्तव रही। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा नैंसी, दूसरे स्थान पर इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल की छात्रा पिंकी और तीसरे स्थान पर अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ की सिमरन वर्मा ने बाज़ी मारी। दोनों प्रतियोगिताओं का परिणाम विश्व विरासत दिवस के अवसर पर घोषित कर विजेताओं को प्रमाण पत्र व नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई।